

## कलेक्टर कार्यालय परिसर में सामूहिक गायन



**बड़वानी।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक और गौरवशाली अवसर पर मुख्यालय में कई कार्यक्रम हुए। कलेक्टर कार्यालय परिसर में पुलिस बैंड पर सामूहिक राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल, एसपी जगदीश डावर, अपर कलेक्टर, केके मालवीय, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक स्वर में राष्ट्रगीत का गायन किया। नई दिल्ली में वंदे मातरम 150वां स्मरणोत्सव समारोह आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्टोरेट सभागृह में दिखाया गया। जिसमें कलेक्टर जयति सिंह, लोकसभा सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल और पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम सिंह पटेल सहित अन्य वर्चुअली शामिल हुए।

## सुरक्षा और आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक



**बड़वानी।** मुस्कान विशेष अभियान के तहत एसपी जगदीश डावर, एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी दिनेश चौहान व डीएसपी (महिला सुरक्षा शाखा) महेश सुनैया के मार्गदर्शन में विद्यालयों में जनजागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी क्रम में थाना प्रभारी दिनेश कुशवाह के नेतृत्व में शासकीय कन्या मावि क्रं. 2 चुनाभट्टी में बालिकाओं के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिला डेस्क प्रभारी उप निरीक्षक ललिता चौहान, काउंसलर अनीता चोयल ने बालिकाओं को जानकारी।

# सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

### प्रेसवार्ता में सांसद ने कहा कि- खेल महोत्सव का उद्देश्य अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है



**बड़वानी.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में शिफ्ट युवा, फॉर विकसित भारत की भावना को साकार करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। जिले में महोत्सव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रेसवार्ता में क्षेत्रीय सांसद गजेन्द्र पटेल ने बताया कि खेल महोत्सव का उद्देश्य केवल प्रतियोगिताएं कराना नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। इससे आगे बढ़कर भविष्य में जिले के खेल मैदान व खेल उत्सव को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि जिले के युवा प्रदेश देश के साथ विश्व स्तर पर अपना नाम कर सके।

लोकसभा क्षेत्र के जिले के विभिन्न मंडलों में मंडल स्तरीय प्रतियोगिताएं 16 से 22 नवंबर तक होंगी। वहीं 23 से 30 नवंबर तक जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी। जिला स्तरीय मुकाबले 2 दिसंबर के बाद आयोजित किए जाएंगे। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से हर स्तर पर नई खेल प्रतिभाओं को पहचान देने और उन्हें प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाएगा।

सभी प्रतिभागी टीमों को 10 नवंबर शाम 5 बजे तक अपनी टीम और खेल का नाम संबंधित विधानसभा खेल संयोजक को देकर टोकन प्राप्त करना अनिवार्य है। केवल टोकन प्राप्त टीमें ही खेल महोत्सव में हिस्सा ले सकेंगी। व्यक्तिगत खेलों के प्रतिभागियों को टोकन खेल दिवस पर मैदान में ही प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा में मंडलवार प्रतियोगिताओं की तिथि, समय, स्थान और खेल संयोजकों की सूची जारी कर दी गई है।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य है गांव से लेकर शहर तक खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देना। खेलों के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण की भावना को सशक्त बनाना इस आयोजन का मकसद है। यह महोत्सव खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट की भावना को भी आगे बढ़ाता है।

सांसद गजेन्द्रसिंह पटेल, महोत्सव प्रभारी अजय कानूनगो व आयोजकों ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे इस महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग दें और युवाओं को अधिक से अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित करें। यह आयोजन जिले में खेल संस्कृति को नई दिशा देगा और स्वस्थ, सशक्त भारत के निर्माण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

**महोत्सव का उद्देश्य**

- सांसद ने बताया खेल महोत्सव का उद्देश्य।
- आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में।

# पलसूद पुलिस के हत्थे चढ़ा फरार स्थाई वारंटी

**बड़वानी, ।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में चलाए जा रहे ऑपरेशन हवालात के अंतर्गत लंबे समय से फरार स्थाई वारंटियों की धरपकड़ के लिए एसपी जगदीश डावर द्वारा मासिक अपराध समीक्षा बैठक में विशेष निर्देश जारी किए गए थे। निर्देशों के पालन में एसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी पलसूद निरीक्षक सुखलाल भंवर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर प्रभावी सूचना संकलन एवं सतत निगरानी के बाद 7 नवम्बर को कस्बा पलसूद क्षेत्र में घेराबंदी कर लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी दिनेश पिता टाटिया भिलाला उम्र 28 वर्ष निवासी भंडारदा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी पलसूद निरीक्षक सुखलाल भंवर, उप निरीक्षक राजेन्द्र सोलंकी, उप निरीक्षक शब्बू पाटिल, सउनि राजेश गुप्ता तथा आर रवि की भूमिका रही।



# सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया



**बड़वानी, (नवभारत)।** एसपी जगदीश डावर के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया। इस दौरान पुलिस दलों द्वारा मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों एवं बस स्टैंड क्षेत्र में वाहनों की बारीकी से जांच की गई।

वाहन चालकों के लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, बीमा, परमिट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की विधिवत जांच की। जिन वाहन चालकों के दस्तावेज अधूरे पाए गए, उन्हें मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश देकर यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी गई।

### एसपी ने चालकों से की अपील

एसपी जगदीश डावर ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, अवैध परिवहन पर नियंत्रण एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। एसपी ने वाहन चालकों से अपील की है कि हमेशा हैलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करें। नशे की हालत में वाहन न चलाए। वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखे। यातायात नियमों का पालन करने से न केवल स्वयं की, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। अभियान में यातायात थाना बड़वानी, सेंधवा शहर, राजपुर, अंजड़, पलसूद सहित जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस दलों ने सक्रिय रूप से भागीदारी कर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में प्रभावी भूमिका निभाई।

## आरोपी को 3 माह का सश्रम कारावास

**बड़वानी।** 29 अक्टूबर 2025 को न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी राजश्री भार्गव द्वारा पारित अपने निर्णय अनुसार बाबूलाल पिता जसवंत प्रजापत निवासी गवलीपुरा रिसावरा बाग जिला धार को 3 माह का कारावास व 3 लाख 31 हजार 693 रूपए प्रतिकर परिवादी संस्था श्रीकृष्ण प्रजापति साख सहकारी संस्था को अदा करने का निर्णय पारित किया गया। प्रतिकर अदा नहीं करने की दशा में 1 माह का सश्रम कारावास भुगताए जाने का आदेश दिया। परिवादी संस्था की ओर से पैरवी अधिवक्ता नरेन्द्र राठौड़, एसएल यादव एवं हेमेन्द्र कुमरावत ने की।

# बेटे से बात कर मां की आंखों से छलके आंसू

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 08 नवम्बर**



ग्राम पीछोड़ी में एक मानसिक पीड़ित घूम रहा था, जिस पर रोटरी क्लब सचिव ललित जैन की नजर पड़ी उन्होंने मानसिक पीड़ित से बातचित की तो उसने नाम सोनू सुरेश यादव पता लंगर टोली पटना बिहार बताया। जैन ने सामाजिक कार्यकर्ता अजित जैन को फोटो व जानकारी साझा की, जिसे उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल किया व खरगोन-बड़वानी के लोकसभा सांसद जो बिहार चुनाव प्रचार अभियान में ही थे, उनको फोन लगाकर अवगत कराया। साथ ही रवि प्रजापत तलवाड़ा डेब को भी बताया। दोनों के माध्यम से पटना से मोनू यादव ने अजित जैन को फोन लगाकर कहा मेरे भाई को लेने बड़वानी आ रहा हूं, लेकिन सोनू सुरेश यादव पिछोड़ी से गायब हो गए। उन्हें ढुंढने के लिए जिपं सीईओ काजल जावला और पाटी के सुशील बड़ोले के माध्यम की फोटो और जानकारी शेयर की तो पता चला कि वे भटकते हुए महाराष्ट्र की ओर निकल गया है। तो जैन बंधुओं ने सुशील बड़ोले और खेरवानी के कैलाश खरते के माध्यम से ढुंढकर सोनू सुरेश यादव को रोसर लेकर आए और बड़वानी के रेनबसेरे में रुकवाया।

इधर भाई और मां से अजित जैन ने वीडियो काल पर बात कराई, तो मां की आंखों में आंसू छलक आए। सोनू सुरेश यादव को भाई और मामा बड़वानी आए और भाई से मिलकर खुश हुए। अजित जैन ललित जैन और सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया और अपने भाई को ले गए।

**इनका भी रहा सहयोग**

अजित जैन अब तक 231 लोगों को परिवार से मिला चुके हैं। इस पुनीत कार्य में समाधान पाटिल, मोनू गोले, अशोक मुकाती, महादेव दलाल का भी सहयोग मिला

**एक नजर में**

## दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का शुभारंभ



**इंदौर.** श्री वैष्णव इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 'सिनर्जी 2025' का उत्साहपूर्वक शुभारंभ हुआ. मुख्य अतिथि एवं संस्थान की पूर्व छात्रा जागृति भार्गव, संस्थापक प्रोक्योर इन्फोटेक प्रालि, ने विद्यार्थियों को सफलता के लिए आत्मअनुशासन, दृढ़ निश्चय और समर्पण को जीवन का मूलमंत्र बनाने की प्रेरणा दी. संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने कहा कि 'सिनर्जी' विद्यार्थियों की रचनात्मकता, टीम भावना और नेतृत्व कौशल को विकसित करने का सशक्त मंच है. चेयरमैन विष्णु पसारी ने महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ किया और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं. कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी, फैशन शो, नृत्य, क्विज, शॉर्ट वीडियो मेकिंग, फन फेयर, कोलाज, ड्रामा और फेस पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. छात्र-छात्राओं में उत्साह देखने को मिला.

## बाइक सवार बदमाशों ने युवक पर किया हमला

**इंदौर.** सांवेर थाना क्षेत्र में उज्जैन रोड स्थित शक्तिमान चौराहा पर बाइक सवार दो बदमाशों ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. पुलिस ने मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है. घायल युवक की पहचान 38 वर्षीय विनोद चौधरी के रूप में हुई है. उसने बताया कि वह अपने जनरेटर की मरम्मत के लिए सांवेर गया था. उसके साथ उसका दोस्त संतोष भी था. मरम्मत के दौरान दुकानदार से पैसों को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद दोनों जनरेटर लेकर मोटरसाइकिल से इंदौर की ओर लौट रहे थे. जैसे ही वे शक्तिमान चौराहा, धरमपुरी पहुंचे, तभी पीछे से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आए और उनकी बाइक को टक्कर मार दी. विरोध करने पर चेहरे पर कपड़ा बांधे पीछे बैठे युवक ने चाकू निकालकर विनोद पर हमला कर दिया. हमले में उसे बाएं बगल और कमर में गंभीर चोटें आईं, जबकि एक वार गले के पास भी लगा. घटना के बाद आरोपी मोटरसाइकिल सहित इंदौर की ओर भाग निकले. घायल विनोद को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. सांवेर पुलिस केस दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके.

## दो युवकों से पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद, मामला दर्ज

**इंदौर.** आजाद नगर पुलिस ने लेटेश्वर हनुमान मंदिर के पास न्यू आरटीओ रोड पर चेकिंग के दौरान दो युवकों को अवैध हथियार सहित पकड़ा है. तलाशी के दौरान एक आरोपी की कमर से देशी पिस्टल मिली, जिसमें मैगजीन लगी हुई थी और चेंबर में एक जिंदा कारतूस लोड हालत में था. उपनिरीक्षक संजय चौहान ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में नवाब पिता अब्दुल अजीज निवासी 34 यादव नगर, मुसाखेड़ी और सोहेल पिता सब्बीर अहमद निवासी 722 आजाद नगर शामिल हैं. पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना आजाद नगर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस पूछताछ में यह जांच की जा रही है कि आरोपी पिस्टल कहां से लाए और उसका उपयोग किस उद्देश्य से करने वाले थे.

## परदेशीपुरा पुलिस ने सटोरिये को रंगेहाथ पकड़ा

**इंदौर.** परदेशीपुरा पुलिस ने विश्रांति चौराहा क्षेत्र में सट्टा खिलाते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से सट्टे से संबंधित सामग्री और नकदी जब्त की गई. प्रधान आरक्षक देवेन्द्र यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दीपक पिता किशनराव उम्र 47 वर्ष, निवासी 901 न्यू गौरी नगर है. पुलिस टीम ने मौके से उसके कब्जे से सट्टे के दो अंक लिखी पर्चियां, एक लीड पेन और 200 रुपए नकद बरामद किए. आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

## दहेज प्रताड़ना के तीन मामले दर्ज

**इंदौर.** शहर में दहेज प्रताड़ना के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. अलग-अलग थानों में तीन महिलाओं ने अपने पतियों और ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने की शिकायत दर्ज कराई. तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में अंजली सिंह निवासी श्रीसाई रेजीडेंसी आरके पुरम, सिकंदराबाद (वर्तमान में सिल्वर स्प्रिंग फेस-02, नायता मुण्डला, इंदौर) ने शिकायत की कि उसके पति अश्विनी सिंह राठौर, ससुर कमलेन्द्र सिंह और देवर विनीत राठौर ने दहेज को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया. इसी तरह के एक मामले में एमजी रोड थाना क्षेत्र में कल्याण गजोरे निवासी बाबू घनश्यामदास नगर की रिपोर्ट पर गौरव माठे और तरुण माठे निवासी प्रजापत नगर द्वारकापुरी के खिलाफ दहेज की मांग, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया है.

# पुलिस ने 1 .40 किलो गांजा किया बरामद

**इंदौर.** कनाड़िया पुलिस ने फीनिक्स मॉल रोड स्थित नियोन पांडा गेम जोन के पास से दो युवकों को एक किलो 40 ग्राम अवैध गांजा के साथ पकड़ा है. पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन भी जब्त कर दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है.

उपनिरीक्षक मुनेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 32 वर्षीय रोहित पिता राधेश्याम चौहान, निवासी मकान नंबर 383 सिंगापुर टाउनशिप देवास नाका, इंदौर (स्थायी पता ग्राम तूमड़ा, थाना खजूरी सड़क, भोपाल) और 22 वर्षीय अरबिंद पिता विद्याराम चौहान निवासी मांगलिया रेलवे स्टेशन के पास क्षिप्रा, इंदौर (स्थायी पता-ग्राम तूमड़ा, भोपाल) के रूप में हुई है. दोनों आरोपी फीनिक्स मॉल रोड स्थित टीपीएस-05 के पास संदिग्ध स्थिति में दिखे. तलाशी लेने पर उनके पास रखी प्लास्टिक की थैली के अंदर हरे रंग की पन्नी में पैक 1 किलो 40 ग्राम गांजा मिला. साथ ही एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया. दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस अब यह जांच कर रही है कि आरोपी गांजा कहां से लाए थे और इसे कहां सप्लाई करने वाले थे.

# ड्रोन से चौकसी : लसूड़िया पुलिस का आधुनिक निगरानी अभियान

- सूने मैदानों से बाजारों तक संदिग्धों पर कड़ी नजर, कई पर की गई कार्रवाई



**इंदौर.** शहर में कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए लसूड़िया पुलिस ने भी आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए ड्रोन पेट्रोलिंग शुरू की है. पुलिस उपायुक्त जोन-02 कुमार प्रतीक के निर्देशन में थाना क्षेत्र की कॉलोनियों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर ड्रोन की मदद से संदिग्ध व्यक्तियों व गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है. ड्रोन में लगे हाई-रिजॉल्यूशन कैमरों के माध्यम से पुलिस को रियल-टाइम जानकारी मिल रही है, जिससे असामाजिक तत्वों पर तुरंत कार्रवाई संभव हो पा रही है. इस पहल से क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगाने और नागरिकों की सुरक्षा को और मजबूत करने का लक्ष्य रखा है. अभियान के तहत स्कीम नंबर 78, बावड़ी हनुमान मंदिर, द हब एरिया सहित आसपास के हॉटस्पॉट जोनों में ड्रोन से एरियल सर्विलांस किया. इस दौरान सूने मैदानों, गली-मोहल्लों और पार्किंग स्थलों की बारीकी से निगरानी की गई. पुलिस ने पार्किंग में शराब पीने वालों और मोडिफाइड साइलेंसर वाली बुलेट से घूमने वाले युवकों पर कार्रवाई की. पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह, डीसीपी कुमार प्रतीक और एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह के निर्देश पर चल रही यह ड्रोन पेट्रोलिंग पहल अपराध नियंत्रण के साथ-साथ नागरिकों में सुरक्षा का विश्वास भी बढ़ा रही है.

# सुरक्षाकर्मी तलाशी लेकर तंबाकू उत्पाद जब्त कर रहे

- स्वच्छता और संक्रमण रोकथाम के लिए एमवाय अस्पताल में सख्ती

**इंदौर.** शहर के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवाय में अब तंबाकू, गुटखा, पान-मसाला और सिगरेट जैसे नशे संबंधी उत्पादों पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है. अस्पताल प्रशासन ने आज से ही यह नियम सख्ती से लागू कर दिया है. मुख्य गेट पर सुरक्षाकर्मी प्रत्येक व्यक्ति की तलाशी लेकर तंबाकू उत्पाद जब्त कर रहे हैं.

बीते कुछ महीनों से अस्पताल परिसर की दीवारों और फर्श पर गुटखे



की पीक और थूक के कारण गंदगी बढ़ गई थी. इससे न केवल वातावरण दूषित हो रहा था, बल्कि गंभीर मरीजों और नवजातों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा था. कई मरीजों के परिजन परिसर में खाना फेंकने और दीवारों पर थूकने जैसी हरकतें कर रहे थे, जिससे चूहे और संक्रमण की समस्या और बढ़ रही थी. अस्पताल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी और परिसर में गंदगी फैलाने या थूकने वालों पर जुर्माना लगाने की तैयारी की जा रही है. रेंजर और सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि तंबाकू उत्पादों को किसी भी हालत में अस्पताल के भीतर नहीं आने दिया जाए.

**लोग नहीं बदल रहे आदतें, अब सख्ती ही विकल्प**-प्रशासन का कहना है कि लगातार समझाइश देने के बावजूद लोग अपनी आदतें नहीं बदल रहे थे. अब सख्त कदम उठाकर स्वच्छता और संक्रमण नियंत्रण सुनिश्चित किया जा रहा है. अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि आने वाले दिनों में परिसर की तस्वीर साफ-सुथरी और बेहतर दिखाई देगी.

# सिंगापुर ग्रीन व्यू कॉलोनी में दिनदहाड़े चोरी

### *घर का ताला तोड़कर सोने का हार और नकदी पार*

**इंदौर. लसूड़िया थाना क्षेत्र के सिंगापुर ग्रीन व्यू प्रीमियम कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया. बदमाश सोने का हार और नकदी लेकर फरार हो गए. घटना का पता तब चला, जब गृहस्वामी शाम को घर लौटे.**

फरियादी 31 वर्षीय रजत हाड़े, निवासी 289 एनएक्स सिंगापुर ग्रीन व्यू प्रीमियम, ने पुलिस को बताया कि वह सुबह घर से निकले थे. शाम करीब साढ़े छह बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि मुख्य दरवाजे और अंदर के दरवाजे के ताले टूटे हुए थे. अंदर जाने पर सामान बिखरा हुआ था और आलमारी से सोने का हार व नकदी रकम गायब थी. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम के साथ जांच की.

### मदरहुड अस्पताल में महिला के बैग से छह हजार रुपए गायब

**इंदौर.** विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित मदरहुड अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन के बैग से छह हजार रुपए चोरी होने का मामला सामने आया है. अस्पताल के पीआईसीयू वार्ड में रखे बैग से करीब छह हजार रुपए अज्ञात चोर उड़ा ले गया. पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है. फरियादिया 28 वर्षीय नंदनी शर्मा, निवासी 613-बी तुलसी नगर, इंदौर ने बताया कि उसने अपने बेटे शिवांश शर्मा को तबीयत खराब होने पर मदरहुड अस्पताल के फर्स्ट फ्लोर स्थित पीआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया था. इलाज के दौरान उसने अपना लैदर का बैग पलंग के पास रखा था, जिसमें कपड़े और अंदर की छोटी जेब में करीब छह हजार रुपए रखे थे. शाम को रुपए की आवश्यकता पड़ने पर जब उसने बैग देखा तो रुपए गायब थे. किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैग में रखी रकम चोरी कर ली थी. विजयनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है. अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपी का पता लगाया जा सके.

**एक नजर में** पढ़ाई का दबाव दोनों के ही मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है

# बढ़ते शैक्षणिक दबाव के दौर में बच्चों और अभिभावक दोनों को परामर्श जरूरी



**इंदौर.** आज के समय में विद्यार्थियों पर बढ़ते शैक्षणिक दबाव के कारण उन्हें ही नहीं, बल्कि उनके अभिभावकों को भी परामर्श की आवश्यकता है, क्योंकि यह दबाव उनके मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालता है. विद्यार्थियों के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण बनाने, तनाव से निपटने के तरीके खोजने और यह समझने के लिए कि यह दबाव क्यों है, दोनों को ही एक साथ बैठकर धैर्य के साथ एक-दूसरे को समझने और समर्थन की आवश्यकता है.

देखने में आया है कि शिक्षा क्षेत्र में बढ़ती स्पर्धा इस हद तक पहुंच चुकी है कि छात्र-छात्राएं अपने मानसिक संतुलन को स्थिर नहीं कर पाते. एक सर्वे में पता चला है कि 67.3 प्रतिशत विद्यार्थी शिक्षा और कॅरियर को लेकर दबाव से गुजरते हैं. ऐसे में तनाव की स्थिति ज्यादा गंभीर बन जाती है और इसके घातक परिणाम सामने आते हैं. आईआईटी, जेईई, नीट, यूपीएससी के अलावा कई ऐसे विषय हैं, जिनके आधे सत्र हो चुके हैं. अब यही समय है कि छात्र-छात्राओं पर रैंक बढ़ाने का जुनून सवार हो जाता है. वहीं शिक्षक एवं माता-पिता भी

**यह बोले जानकार...**



माता-पिता अपने व्यवहार में बदलाव लाएं और समझें कि बच्चा मशीन नहीं है, उसकी बात बीच में काटें नहीं, पहले पूरी सुनें. गुस्से या डांट से स्थिति और खराब होती है, इसलिए धैर्य रखें, उनकी छोटी उपलब्धियों की भी तारीफ करें. इससे बच्चे में उत्साह और आत्मबल बढ़ेगा.

**- नदीम खान**



यदि आप तनाव में है तो बच्चे को शांत होकर गले लगाएं, यह सबसे मजबूत थैरेपी है. साथ बैठकर पढ़ाई का टाइमटेबल और ब्रेक प्लॉन करें. खुद भी घर में सकारात्मक माहौल रखें. माता-पिता के तनाव का असर बच्चों पर सबसे ज्यादा पड़ता है.

**- मनोज गुप्ता**

पढ़ाई एक यात्रा है, दौड़ नहीं. हर बच्चे की अपनी गति अपनी क्षमता और अपने सपने होते हैं. माता-पिता यदि भरोसा और समझ दें तो कोई भी बच्चा दबाव के अंधेरे से निकलकर सफलता की रोशनी तक पहुंच सकता है.

**- विजय गाजरे**